# मातृभूमि सेवा संस्थान का महिला सम्मान समारोह आयोजित

## खंडेला में पानी की समस्या को लेकर मातृशक्ति एकजुट होकर संघर्ष करें : गोदारा



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** मातृभूमि सेवा संस्थान जिला सीकर के तत्वाधान में मातृ शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला खंडेला में एड गोकुलचंद गोदारा की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि राधे राम गोदारा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, अध्यक्ष, प्रदेश जाट महासभा राजस्थान तथा विशिष्ट अतिथि महेंद्र शर्मा पूर्व विशेषाधिकारी मुख्यमंत्री राजस्थान, शिवराम महला पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी अतिथि समाजसेवी किशोर दुल्हेपुरा, एडवोकेट प्रकाश बाजिया, प्रियंका वर्मा कविता बगड़िया, एड रामलाल यादव, एडवोकेट नवनीत शर्मा मंचासीन रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए राधे राम गोदारा ने कहा कि मातृशक्ति के सामने कोई भी शक्ति नहीं टिक सकती। खंडेला में पीने के पानी की समस्या को लेकर मातृशक्ति एकजुट होकर संघर्ष करें, तो सरकार को झुकना पड़ेगा। मैं जल संसाधन मंत्री राजस्थान सरकार से मिलकर खंडेला की पीने के पानी की समस्या से अवगत करवाऊंगा। खंडेला में आकर पता चला कि पीने के पानी की भयंकर समस्या बनी हुई है लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं माता/ बहने सबसे ज्यादा परेशान हैं। सरकार धन्यवाद दे रही है, लोग पानी मांग रहे हैं ,अधिकारी मस्त हैं, जनता त्रस्त है। महेंद्र शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 5 मई 2025 को खंडेला में होने वाले जल युद्ध में पूरा सहयोग करेंगे । पीने के पानी की समस्या को लेकर जयपुर में अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा। शिवराम महला ने खंडेला की माता /बहनों का दर्द सुनकर 15 दिन तक रोज एक टैंकर पानी देने की घोषणा की। इस जल युद्ध में माता/ बहनों का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। समारोह को संबोधित करते हुए एडवोकेट गोकुल चंद्र गोदारा ने बताया कि खंडेला में पीने के पानी की समस्याए भयंकर बनी हुई है धरातलीय पानी खत्म हो चुका है । जो पानी बचा है। वह अम्लीय, फ्लोराइड तथा अन्य खनिज लवणों से युक्त होने के कारण पीने योग्य नहीं है ।खंडेला में पीने की पानी की समस्या का एकमात्र समाधान सतही पानी है, जो कुंभाराम लिफ्ट नहर पेयजल परियोजना फेस टू से पाइपलाइन द्वारा लाया जाए। ताकि खंडेला की जनता को शुद्ध पीने का पानी मिल सके। खंडेला बचाओ ! पानी लाओ ।अभियान जनवरी 2018 में चलाया गया था। तब कुंभाराम लिफ्ट नहर पेयजल परियोजना फेस टू की डीपीआर हेतु 3 करोड़ 25 लाख रुपए तत्कालीन सरकार ने स्वीकृत किए थे। डीपीआर भी बन चुकी थी लेकिन आगे प्रकिया आज तक नहीं बढ़ सकी। सरकार खंडेला में पीने के पानी की समस्या के प्रति गंभीर नहीं है, ना ही यहां के जनप्रतिनिधि अपने वादों को पूरा करते हैं। हर बार खंडेला की जनता को पानी के नाम पर ठगा जाता है ।लेकिन अब खंडेला की मातृशक्ति जाग चुकी है ।खंडेला में पानी लाने के लिए एक बार फिर से खंडेला बचाओ ! पानी लाओ। अभियान के तहत मातृशक्ति के नेतृत्व में जल युद्ध की घोषणा करता हूं 15 दिन में सरकार खंडेला के लिए कुंभाराम लिफ्ट नहर पेयजल परियोजना फेस टू की प्रकिया नहीं तो 5 मई 2025 को हजारों माता /बहनों के द्वारा उपखंड कार्यालय खंडेला पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जो एक ऐतिहासिक जल युद्ध होगा। जिसमें खंडेला का प्रत्येक आम नागरिक ,माता/बहन जल योद्धा होंगे। इस अवसर पर मंच संचालन शिक्षाविद एवं पर्यावरण प्रेमी मोहम्मद आरिफ शेख तथा प्रदीप कुमार बोचलिया मीडिया प्रभारी ने किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट क्वालीफाई फुटबॉल खिलाड़ी कविता बगड़िया वअध्यापक प्रियंका वर्मा का सम्मान किया गयाद्य साथ ही हजारों माता /बहनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुशील चौहान, मनी देवी, गोटीदेवी, ललिता मढीवाल, शबनम बानो, भागचंद चौहान, माखनलाल बावरिया, सांवरमल लोहार, महेंद्र, ओमप्रकाश बावरिया, प्रमोद कुमावत, विमला देवी, आदि हजारों माता /बहनें और पुरुष मौजूद रहे।

## शिविर में 176 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** मानव जनसेवा संस्थान के तत्त्वावधान में प्रथम रक्तदान शिविर आयोजित किया गया संस्थान के महासचिव व आयोजन समिति के सदस्य डॉ जयप्रकाश महरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में कुल 176 युनिट रक्त संग्रहित किया गया शिविर का शुभारंभ बाबा साहेब की तस्वीर के सामने दिप प्रज्वलित कर पुष्प हार पहनाकर व पुष्प अर्पित कर महाराज, इंद्र मल दानोदिया, बाबू सिंह, सलाहकार भवरलाल सोलड़ा ने किया। शिविर में संस्थान के अध्यक्ष धर्मेंद्र भूखल, उपाध्यक्ष रीखा राम तालनिया, डॉ. जय प्रकाश महरिया, महावीर रघुनाथगढ़, सोहन लाल फौजी, मेघाराम किरडोली, पूर्व सरपंच बनवारी लाल रघुनाथगढ़, नवरंगलाल पीएसओ, अजीत काटीवाल, मुकेश कल्याण, नरेश आर्य, शिशुपाल, कार्यक्रम संयोजक मनीष यादव, जितेंद्र बिलखीवाल, भजनलाल बागवान, राजेंद्र चैनपुरा कुलदीप कुमार कुमावत, अयूब बहलीम, नेमीचंद गोरासरा, पूर्व सरपंच नरेश मंडीवाल, लड्डु गोपाल दास महाराज, संतोष कुमार, मंजू देवी, डॉ अशोक कुमार, सुरेश कुमार, श्रवण कुमार, ओम प्रकाश, मनोज कुमार, रतन, प्रदीप, विकास, मुकेश कुमावत, मंगेज, जुगल किशोर नेतरवास, महेंद्र चैनपुरा, अरविंद्र रोलन, केडी महरिया, डॉ.राजकुमार महरिया, बीएल मिल, मोहन बाजोर, अरविंद नारवारा मौजुद रहे। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## करोडों के गबन और धोखाधड़ी मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** पुलिस ने थानाधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई कर ढाई करोड़ रुपए के गबन और धोखाधड़ी के मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पीड़ित शिवलाल बगड़िया द्वारा दर्ज करवाए गए मुकदमे में की है। थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि फरवरी 2024 में पीआरबी मोटर्स के संचालक शिवलाल बगड़िया ने अपनी 4 फर्मों में काम करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए आरोपी रामजीपुरा निवासी सुरेंद्र शर्मा, रींगस निवासी सोनू कुमावत और अर्जुन लाल, पृथ्वीपुरा निवासी नानूराम यादव, सीमारला जागीर निवासी संजय और विजय राव सहित 7 जनों को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि पीड़ित ने न्यायालय इस्तगासे से मुकदमा दर्ज करवाया था कि 4 फर्मों के अकाउंट्स का काम शाहपुरा निवासी धीरज साखुनिया देखता था जो अपने साथियों के साथ मिलकर बिलों की राशि को अपने खातों में डलवाकर गबन कर दिया, मामले का खुलासा सीए से ऑडिट करवाने पर हुआ जब 68 करोड का माल खरीदा हुआ था जिसके बेचान पेटे 65 करोड़ 50 लाख रुपए ही प्राप्त हुए। इस प्रकार आरोपियों ने धोखाधड़ी करते हुए 2.5 करोड़ का गबन कर दिया।

## वार्ड नंबर 6 में नाली निर्माण से वाहन चालकों को मिलेगी सहुलियत

**मॉर्निंग न्यूज @ पाटन।** कस्बे के वार्ड नंबर 6 में पिछले कुछ समय से नाली के क्षतिग्रस्त होने के कारण बड़े वाहन तो दूर, छोटे वाहनों का निकलना भी दुभर हो गया था। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों और ग्राम पंचायत को दी गई जानकारी



के बावजूद नाली निर्माण कार्य बजट के अभाव में रुका हुआ था। लेकिन अब ग्राम पंचायत के वार्ड पंच इमरान खान और सरपंच मनोज चौधरी के प्रयासों से नाली निर्माण कार्य शुरू किया गया। बजट और स्वीकृति मिलने के बाद यह कार्य अब पूरा हो गया है। इससे वार्ड नंबर, पांच और वार्ड नंबर 6 के निवासियों को काफी राहत मिलेगी, खासकर उन लोगों को जिनके घरों के पास से वार्ड नंबर 5 की तरफ जाने वाली प्रमुख सड़क गुजरती है। इस नए नाली निर्माण से अब बड़ी और छोटी दोनों प्रकार की वाहनों की आवाजाही में आसानी होगी, जिससे वार्डवासियों को सफाई और यातायात दोनों के लिहाज से बहुत लाभ होगा।

## परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारी बैठक आयोजित



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय आयोजन को लेकर महंत दिलीपदास के सानिध्य में एक तैयारी बैठक का आयोजन बस स्टैंड स्थित बीदावत जी के मंदिर में किया गया। बैठक में आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 29 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा, 30 अप्रैल को आरती एवं 1 मई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जन्मोत्सव की शाम हर विप्र परिवार से आस्था रूपी दीपक देहरी पर प्रज्वलित करने का आव्हान किया गया। शोभायात्रा नगर का भ्रमण करते हुए इस पर्व की गरिमा को जन जन तक पहुंचाएगी।

कमल व्यास को शोभायात्रा संयोजक एवं डॉ. अर्चना पुरोहित को महिला प्रकोष्ठ संयोजक बनाया गया। बैठक में वरिष्ठ पार्षद पवन बुटालिया, ब्लॉक शिक्षा उप निदेशक रामनिवास शर्मा, दीनदयाल जोशी,पार्षद विष्णु शर्मा,नर्सिंग ऑफिसर मनोज मिश्रा, प्रमोद बोहरा,सुशील पुजारी, संदीप नेता,सुबोध शर्मा, विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. अर्चना पुरोहित, श्रीमती सरीता शर्मा, किरण चोटिया, एडवोकेट उमेश शर्मा, कमल व्यास, सर्वोत्तम वैध, मधु दायमा, अनुराग काछवाल, रघुनाथ प्रसाद शर्मा, प्रमोद डिडवानिया, सुशील पारीक, राकेश कुमार मिश्रा, सूर्य प्रकाश महर्षि, दीपक पांडे, संजय पारीक सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित थे।

## सैन महाराज की 725वीं जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह

**मॉर्निंग न्यूज @ पाटन।** संत शिरोमणी सैन महाराज की 725वीं जयंती इस वर्ष नीमकाथाना में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर सैन समाज क्षोरकार सेवा समिति द्वारा एक विशेष प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं और सरकारी सेवाओं में चयनित समाज के प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

समाज के अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद सेन ने जानकारी दी कि 25 अप्रैल को सुबह 9 बजे से श्री राम मंदिर से शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा। शाही लवाजमे के साथ यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए होटल जेपी पैलेस पहुंचेगी। इस विशेष अवसर पर पूरे समाज ने अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया है, ताकि यह दिन सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया जा सके।

## श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामन सिटी।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत एवं एल.एण्ड टी. के सहयोग से आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता नेमीचंद पंवार के निर्देशन में अधिशाषी अभियंता राजकुमार मीना के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता अनिल कुमार सैनी व रामेश्वर लाल जाट के सहयोग से आज एस.टी.पी. साईट कुचामन पर परियोजना कार्यों में कार्यरत श्रमिको का स्वास्थ्य जाँच करवाकर किया लाभान्वित। कैप के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने श्रमिकों को बताया कि हमारा घर हमारा स्वास्थ्य व स्वस्थ श्रमिक खुशहाल जीवन अच्छा होना चाहिए क्योकि स्वास्थ्य ही धन है क्योकि अच्छे स्वास्थ्य और सेहतमंद जीवन जीवन की अभिलाषा सभी को रहती है मगर वास्तव में हेल्दी और बेहतर स्वास्थ्य के लिए अच्छी डाइट और लगातार स्वास्थ्य जांच कराना भी काफी जरूरी होता है इसलिए सभी परियोजना में कार्यरत श्रमिक करवाकर अपने आपको सुरक्षित करें। कैंप की सविता शर्मा ने श्रमिकों श्रमिकों को बताया कि अपने आस पास साफ सफाई का ध्यान रखें एवं गन्दगी से फैलने वाली बीमारियों के बारे में और उनसे होने वाले शारीरिक एवं आर्थिक नुकसानों के बारे में जानकारी दी साथ ही स्वास्थ्य की भूमिका पर बोलते हुए कहा कि कहा कि कुशलता पूर्वक काम करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में एल. एण्ड टी. के अनीश, किशन सिंह, का कार्यक्रम में सहयोग रहा।

## नार्कोटिक्स विभाग में सीपीएस पद्धति से अफीम डोडा का तौल शुरू

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** नारकोटिक्स विभाग द्वारा लगातार चौथे साल सीपीएस पैटर्न वाले किसानों के अफीम डोडे का तौल शुरू कर दिया गया। डोडे तौलने के बाद विभाग के कट्टों में भर मशीन पर रखे गए।



क्रश होने के साथ पैक बैगों की खेप ट्रकों में रखकर नीमच के मोरवन स्थित गोदाम पहुंचाए जा रहे हैं। जिले के तीन खंडों में कुल 6 हजार 444 किसानों ने इस साल सीपीएस पैटर्न से अफीम काश्त की है। इसमें खंड प्रथम में 2 हजार 616, द्वितीय में 1 हजार 585 व खंड तृतीय में सर्वाधिक 2 हजार 243 किसान है। इस साल की अफीम नीति अनुसार प्रति 10 आरी काश्त यानी हर किसान को न्यूनतम 80 किलो का वजन तुलाना जरूरी है। इसमें डोडे मय 6 इंच डंठल शामिल है। कुछ किसान इससे अधिक 85 से 90 किलो तक ला रहे है। तौल कार्य अप्रैल के अंत तक चलेगा। किसान को प्रति किलो 200 रुपए के अनुसार भुगतान किया जाएगा। हर पट्टाधारी किसान अपनी दस आरी में उत्पादित सूखे डोडे भरकर विभिन्न साधनों से तौल केंद्र पर पहुंच रहे है। अधिकारियों की उपस्थिति में डोडों को उनके बोरे से बाहर निकाल जमीन पर बिछे तिरपाल पर डालते हैं। स्टाफ जांचता है कि किसी डोडे पर चीरा तो नहीं लगा।

सैंपल लेने के बाद पूरा वजन कर एंट्री की जाती है। इसके बाद डोडों को विभाग के कट्टों में रखकर कंप्रेश मशीन की चक्की में डालकर कंप्रेश होने के बाद अलग अलग साइज अनुसार पैक बेग मोरवन गोदाम में रवानगी के लिए रखे जा रहे हैं। तीनों खंडों में कंप्रेश के लिए 5 मशीनें रखी गई।

## शतरंज खेल जीवन में अनुशासन और एकता सिखाता है : आक्या

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** जिला शतरंज संघ की जिला स्तरीय विभिन्न आयु वर्ग की युवक-युवतियां एवं सीनियर महिला-पुरुष की चैस चैम्पियनशिप का एक दिवसीय आयोजन विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के मुख्य आतिथ्य, भोलाराम प्रजापत, ओमप्रकाश शर्मा के अति विशिष्ट आतिथ्य, रति देसाई की अध्यक्षता एवं सुधा जागेटिया, कैलाश भूतड़ा, निलेश बल्दवा, डॉ.लीना भट्टाचार्य की उपस्थिति मे मां सरस्वती की मूर्ति पर पुष्प माला चढाकर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि विधायक आक्या ने कहां कि शतरंज खेल में नन्हें शातिरों के देखकर खुशी हुई, यह खेल जीवन में अनुशासन और एकाग्रता रखने वालो को सफलता दिलाता है। जिला शतरंज संघ जिले के बच्चों में शतरंज खेल की जागरूकता के लिए अच्छा काम कर रहा है। इस पर जिला शतरंज संघ सचिव बल्दवा का उपरना और शाल ओढाकर विधायक द्वारा सम्मान किया गया। विभिन्न आयु वर्गों की इस चैस चौम्पियनशिप मे जिले के सात साल के छोटे बच्चों से लेकर 60 साल के वरिष्ठों ने लगभग 134 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शतरंज चैस चौम्पियनशिप स्वीस सिस्टम और फिड़े नियमो सें 5 राउंड मे खेले गये। समापन समारोह मे मुख्य अतिथि अशोक श्रीश्रीमाल की उपस्थिति में हुआ। शतरंज चौम्पियनशिप में श्रेष्ठ चयनित प्रतिभागी सभी वर्गो में 10-10 युवक-युवतियों को नकद 86 पुरुस्कार व 86 ट्राफी कुल 172 पुरुस्कार दिए गये। अतिथियो का स्वागत विष्णु शंकर कुमावत, आयुष व्यास, डॉ.नितेश राज कीर, शिवानी रोनक जैन, दीपक जैन, डॉ. अनुष्का जागेटिया, लाजवंती खटवानी, प्रवीण चेचानी, बलवंत सोनी, किशन सालवी, प्रवीण टांक आदि ने किया।

# परिवार पर हमले के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** निम्बाहेड़ा तहसील के बिनोता गाँव में दबंगाईयों द्वारा एक कुमावत परिवार की निजी खातेदारी जमीन को जबरन हथियाने व परिवार को बेदखल करने के उद्देश्य से उनके साथ मारपीट करने की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए कुमावत समाज ने राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवा शक्ति समिति के बेनर तले सोमवार को जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। आनन्द कुमावत, हेमन्त कुमावत ने बताया कि बिनोता गांव के राजपूत समाज के लोगों ने अपनी दबंगाई दिखाते हुए पीढ़ियों से निवासरत चांदमल, सुरेश, हीरालाल कुमावत को जबरन अपनी निजी खातेदारी जमीन से बेदखल कर जमीन छीनने का प्रयास किया। राजनीतिक ताकत के इन लोगों ने 40-50 घरों के अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थियों के घर पर हमला किया, पूरे परिवार के साथ मारपीट कर घरों के गेट तोड़ दिये, महिलाओं, माताओं, बहनों से अभद्रता कर हथियारों से पूरे परिवार पर हमला किया। इस हमले से पूरे परिवार के लोग घायल हो गये। डर और भय के चलते 10 दिनों से परिवार अपना घर छोड़कर बैठे हैं। ज्ञापन के दौरान प्रभुलाल, राजकुमार, भंवरलाल, गोपाल, रोशन, रतनलाल, मुकेश, शंकर, हजारीलाल, कैलाशचन्द्र, भेरूलाल, देवीलाल, लोकेश, जयेश, सुरेशचन्द, राजू, घनश्याम, अशोक, सुरेश, मनोज, गणपत, विनोद, देवीलाल, प्रकाश, भवानीशंकर, जमनालाल, सत्यनारायण, विशाल, ललिता, कमला, गीता, सीता, अन्नु आदि कुमावत समाज के महिला पुरुषों ने एक स्वर में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की।

## ठेकेदार की मनमानी से राहगीर परेशान

**मॉर्निंग न्यूज @ पाटन।** पुलिस थाने के पास स्थित मुख्य सड़क, जो पूर्व में क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसका टेंडर हो चुका था। सड़क की मरम्मत और निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा काम शुरू करने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्य नहीं हुआ है। ठेकेदार ने इस सड़क को तोड़ने के बाद अब तक निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया है, जिससे स्थानीय लोगों और वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।खासकर बड़े वाहनों के लिए यह मार्ग बेहद असुविधाजनक हो गया है, क्योंकि सड़क के टूटने से यातायात में रुकावटें उत्पन्न हो रही हैं।

पुलिस थाने में आने-जाने वाले लोग भी इस अव्यवस्था से जूझ रहे हैं। इससे यह सवाल खड़ा होता है कि जब टेंडर हो गया था और सड़क को तोड़ने के बाद निर्माण कार्य की शुरुआत होनी थी, तो फिर ठेकेदार ने इसे लटका क्यों रखा, थानाधिकारी विक्रम सिंह ने इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ठेकेदार ने यह कहकर सड़क को तोड़ा था कि यह सड़क पाटन बायपास से धांधेला मोड़ तक स्वीकृत हो चुकी है और इसका पुनर्निर्माण किया जाएगा। लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ है, जिसके चलते लोगों को भारी दिक्कतें हो रही हैं।

स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों की मांग है कि ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द सड़क निर्माण का काम शुरू किया जाए, ताकि यातायात की समस्या का समाधान हो सके। यह स्थिति प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है और इस मामले में ठेकेदार की लापरवाही पर गंभीर विचार विमर्श की आवश्यकता है।

## मोबाईल पर आएगा वाहनों का चालान और डिटेल

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** जिला परिवहन अधिकारी ताराचन्द बंजारा ने बताया कि प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि लोग अपनी अप्रोच के चलते यातायात नियमों का पालन नहीं करते हुए वाहनों के दस्तावेज पूरा नहीं करवाते है। जिसका परिणाम भी स्वयं भुगतने के साथ सरकार को भी हानी हो रही है। प्रदेश में नेशनल व स्टेट हाईवे सहित सभी शहरों में यातायात नियमों की पालना करवाने के लिए ई—डिटेक्शन प्रणाली का प्रयोग करते हुए सीधे ई—चालान बनाकर जुर्माना राशि के लिए आरसी पर चढ़ा दी जायेगी और वाहन स्वामी को मोबाईल पर जरिए चालान भेज दिया जायेगा। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि वे अपने वाहन में अपने मोबाईल नम्बर अपडेट करवाया जाना सुनिश्चित करे ताकि आपके वाहन से संबंधित सूचना यथा चालान, बीमा, प्रदूषण के संबंध में आपको समय-समय पर सूचित किया जा सके। इस के लिए कार्यालय के काउन्टर नम्बर 2 पर अपने वाहन की आरसी आधार कार्ड एवं आवेदन पत्र के साथ सम्पर्क कर अपने वाहन में अपना मोबाईल नम्बर अपडेट करवा सकते है। उन्होंने बताया कि सुविधा विभाग वेबसाईट पर सिटीजन पोर्टल पर उपलब्ध है, जिस पर वाहन स्वामी स्वयं अपने वाहन में अपने मोबाईल नम्बर अपडेट कर सकते है।